# बीईएमएल ने मनाया चिकित्सक दिवस

बीईएमएल लिमिटेड, जो एक रक्षा सार्वजनिक उपक्रम है, ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों को उनकी सेवा के सम्मान में, विशेष रूप से वैश्विक महामारी के समय में अपनी जान जोखिम में डालकर हमारी सेवा करने के लिए, चाहे प्रमुख देखभाल हो या माध्यमिक देखभाल सेटिंग्स हो या प्रतिबद्ध कोविड़ देखभाल में सुविधाएं हों, उनका सम्मान करते हुए चिकित्सक दिवस मनाया।

श्री एम वी राजशेखर, सीएमडी ने श्री अमित बनर्जी, निदेशक (रेल और मेट्रो) और श्री पी नागराज, कार्यकारी निदेशक (रेल) के साथ बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में बीईएमएल के चिकित्सा केन्द्र में अग्रिम-पंक्ति के योद्धाओं को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया।




इस अवसर पर भाषण देते हुए, श्री राजशेखर ने कहा, “चिकित्सक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता सच्चे नायक हैं। मैं उन सभी को सलाम करता हूं जो वैश्विक महामारी के समय में जीवन रक्षा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।”

यह याद किया जा सकता है कि वैश्विक महामारी के दौरान बीईएमएल ने कोविड़ देखभाल केंद्र खोले, संदिग्ध कोविड़ मामलों की जांच के लिए विशेष क्लिनिक खोले और अपने कर्मचारियों, परिवारों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, अनुबंध श्रमिकों और अन्य लोगों के लिए बीईएमएल चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के समर्थन से टीकाकरण शिविर आयोजित किए।

**01 जुलाई 2021**

**बीईएमएल मीडिया रिलीज़**